आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांक 13.06.2024 समय 18.30

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिन की यात्रा पर जैसलमेर पहुंचे–सीमा सुरक्षा बल के समारोह में शिरकत करेंगे।
- विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा।
- उच्चतम न्यायालय ने नीट यूजी में ग्रेस अंक वाले 1 हजार 563 अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड रद्द किया–एनटीए, 23 जून को ग्रेस मार्क्स वाले अभ्यर्थियों की दुबारा परीक्षा लेगी।
- राज्य में कुछ स्थानों पर बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली– कोटा, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में आगामी 2–3 दिन कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दो दिन की यात्रा पर आज जैसलमेर पहुंचे। हवाई अड्डे पर संसदीय कार्य विभाग मंत्री जोगाराम पटेल और नगर परिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला ने श्री धनखड की अगवानी की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर प्रतापसिंह नाथावत, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी सहित सेना के अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया। उपराष्ट्रपति वायुसेना के विशेष हेलीकॉप्टर से तनोट पहुंचे जहां उन्होंने प्रसिद्ध तनोट माता मन्दिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। तनोट माता मन्दिर परिसर स्थित विजय स्तंभ पर बीएसएफ जवानों ने उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उपराष्ट्रपति सीमा सुरक्षा बल की बबलियानवाला सीमा चौका का दौरा कर सीमा प्रहरियों से रूबरू होगें। उपराष्ट्रपति कल सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बटालियन के समारोह में भाग लेगें।

000

16 वीं विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस सत्र को आहूत किए जाने की मंजूरी दे दी है। इस सत्र में राज्य का पूर्णकालिक बजट पेश किया जायेगा। इस साल लोकसभा चुनाव के कारण केन्द्र में अंतरिम बजट पेश किया गया था। इसी वजह से राज्य में भी विधानसभा के पिछले सत्र के दौरान पूर्ण बजट पेश नहीं किया जा सका था।

000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ–आई. ओ.ए के अधिकारियों के साथ बैठक की और पेरिस ओलंपिक 2024 से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में राज्य मंत्री रक्षा खडसे और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी.टी. उषा ने कहा कि सभी तैयारियां हो चुकी हैं और खिलाड़ियों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर सभी सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय ओलम्पिक संघ को इस बार टोक्यो ओलंपिक से भी ज्यादा पदकों की उम्मीद है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज गंगापुरसिटी जिले के टोडाभीम उपखण्ड के मूड़िया गांव में गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कर्नल बैंसला द्वारा की गई सेवाओं की सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से

केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की । मुख्यमंत्री ने मुड़िया गांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा किसानों के हित में लिये गये फैसलों की जानकारी दी।

................

बाद में मुख्यमंत्री ने डीग जिले के सुन्दरावली गांव में शहीद जीतराम गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने गांव के अस्पताल और स्कूल का नाम शहीद के नाम पर रखने की बात कहीं। मुख्यमंत्री ने सीकरी के 132 केवी ग्रिड सब स्टेशन का लोकार्पण किया।

000

जयपुर में छह पाक विस्थापितों को आज भारतीय नागरिकता मिल गई। इन सभी को आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किए गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शैफाली कुशवाहा ने इन लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। अब तक जिला कलेक्ट्रेट की ओर से 325 विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र दिये जा चुके हैं।

0000

................

उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी में शामिल हुए उन सभी एक हजार 563 अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड रद्द कर दिया है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिये गये थे। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने कहा कि ऐसे सभी अभ्यर्थियों के लिए 23 जून को नीट परीक्षा दुबारा आयोजित की जायेगी। ग्रेस मार्क्स वाले जो अभ्यर्थी दुबारा परीक्षा नहीं देना चाहते हैं, उनका स्कोर कार्ड बिना ग्रेस मार्क्स के जारी किया जायेगा। आज जारी एक अधिसूचना में, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा कि वह शीघ्र ही एक सार्वजनिक सूचना जारी करेगी और इन उम्मीदवारों से ईमेल के माध्यम से भी संपर्क करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें आधिकारिक सूचना प्राप्त हो। एनटीए ने कहा है कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एनटीए की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के अनुसार लिया गया है। ऐसे सभी एक हजार 563 छात्रों को दिए गए अनुग्रह या पूरक अंक वापस ले लिए गए हैं। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट–यूजी परीक्षा के पेपर कथित तौर पर लीक होने की बात से इनकार किया है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रधान ने नीट मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। नीट परीक्षा में कथित विसंगतियों पर श्री प्रधान ने कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी पैदा करने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया कि केंद्र उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

................

वहीं कांग्रेस ने नीट परीक्षा के मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में निष्पक्ष जांच की मांग की है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में नीट परीक्षा में धांधली, पेपर लीक और भ्रष्टाचार का

आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों को कडी से कडी सजा दी जानी चाहिए और छात्रों का वर्ष बचाने के लिए क्षतिपूर्ति की जानी चाहिए।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में बता रहे हैं जो साक्ष्य के कानून में क्रांतिकारी बदलाव लायेंगे। इस कानून में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को अदालत में भौतिक साक्ष्य के बराबर माने जाने का प्रावधान है। इसके तहत द्वितीयक साक्ष्य का दायरा व्यापक हो गया है, जिसमें मौखिक कबूली, लिखित कबूली और कुशल लोगों के साथ जिन्होंने उन दस्तावेजों की जांच की है जिसमें कई ऐसे कबूलनामे है जिन्हें आसानी से अदालत में जांचा नहीं जा सकता। अनुसूची में पेश किए गए दो नए फॉर्म डिजिटल साक्ष्य के प्रमाणीकरण और मूल्यांकन में तेजी लाते हैं और पिछले कानूनों के तहत चुनौतियों का समाधान करते हैं। इस कानून की धारा 105 में जब्त की गई वस्तुओं की सूची और गवाहों के हस्ताक्षर सहित तलाशी और जब्ती के दौरान वीडियोग्राफी की प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है। मजिस्ट्रेट के समक्ष इन रिकॉर्डिंग को तुरन्त पेश किए जाने का प्रावधान किया गया है ताकि साक्ष्य संग्रह में पारदर्शिता सुनिश्चित हो, और साक्ष्य के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। ये कानून शारीरिक या मानसिक विकलांगता वाले कमजोर पीड़ितों के लिए पुलिस बयानों और ऑडियो–वीडियो रिकॉर्डिंग की अनिवार्य वीडियोग्राफी के प्रावधानों को बरकरार रखता है।

000

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर आज मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। सचिवालय में आयोजित इस बैठक में आयुष, स्वास्थ्य, गृह, शिक्षा, सूचना और प्रोधोगिकी, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में स्वास्थ्य सचिव पूनम ने बताया कि इस बार भी राज्य स्तर के अलावा जिला स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया जाएगा।

000

राज्य में आज कई स्थानों पर मौसम में बदलाव से बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। जयपुर में सुबह से बादलों की लुका–छिपी जारी थी, इस कारण पारे में भी कल के मुकाबले गिरावट हुई है। दोपहर में शहर में कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। झालावाड़ में भी दिन में बरसात हुई। बूंदी में आज सुबह से ही गर्म हवाएं चल रही थी लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए और बूंदा–बांदी हुई। मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इन संभागों में कल भी ऐसा ही मौसम रहने के आसार हैं।

....................

000